nt>

Title: Need to provide financial assistance to the Government of Madhya Pradesh for proper maintenance of National Highway No. 27 between Mangnawan (M.P.) and Allahabad − Laid.

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा): अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान राट्रीय राजमार्ग सं0 27, जो मध्य प्रदेश के रीवा जिले के मंगनवाँ से इलाहाबाद जाता है, की ओर दिलाना चाहता हूं। यह हाइवे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है तथा इस पर आवागमन बराबर अवरूद्ध रहता है। सड़क की खराब हालत के कारण यहां दुर्घटनाओं में बराबर वृद्धि हो रही है तथा पैदल चलना भी दूभर हो गया है। यह व्यस्ततम राजमार्ग है। प्रदेश सरकार ने इस सड़क को बनाने के लिए अनेक प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे हैं, किंतु धनराशि उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण इसका निर्माण रूका हुआ है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सार्वजनिक हित में, इस राट्रीय राजमार्ग का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने हेतु, आवश्यक धनराशि प्रदेश सरकार को उपलब्ध कराये।